तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 12 अप्रैल 2025

13 आंगनबाड़ी में अन्नप्राशन दिवस मना ...



14 छुहिया टैंक एवं चिन्नास्वामी तालाब पहुंचा पानी





## खबर संक्षेप

### रिसदा चौक से भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी ने ग्राम रिसदा में रिसदा चौक से न्यूविस्टा सीमेंट संयन्त्र के मुख्य गेट तक भारी वाहनों के आवागमन को सायं 5 से रात्रि 9 बजे तक एक माह के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। यह निर्णय स्कूली बच्चे, जनसुविधाओं और सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए लिया गया है। जारी आदेशानुसार मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 115 एवं सहपठित छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम 1994 के नियम 215 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लागू किया गया है, जो 11 अप्रैल से 10 मई तक के लिए प्रतिबंधित है।

### आपदा पीड़ित परिवारों को 12 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार।** प्राकृतिक आपदा से मृत 3 लोगों के निकट परिजनों के लिए प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4–4 लाख के मान से 12 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6–4 के तहत 9 एवं 11 अप्रैल को यह स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित परिजनों में बृजलाल पिता तुलसीराम सतनामी निवासी ग्राम ठाकुरदिया, तहसील कसडोल, बिसाहिन बाई केंवट पति स्व विवेकराम केंवट, निवासी ग्राम खपरीडीह, तहसील टुण्डरा एवं मणिधर ध्रुव पिता स्व. मदनलाल ध्रुव, निवासी ग्राम कोसमंदा, तहसील पलारी शामिल हैं। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** मुढ़ेना चौक पावर प्लांट के पास देशी प्लेन शराब की बिक्री कर रहे एक आरोपी को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी संतोष बंजारे पिता इतवारी बंजारे (36 साल) निवासी ग्राम मुढेना के कब्जे से एक प्लास्टिक सफेद बोरी के अंदर 26 पौवा शोले देशी प्लेन शराब कीमत 2080 रुपये एवं 14 पौवा शोले मसाला देशी शराब कीमत 1400 रुपये कुल शराब 7200 एमएल कीमत 3480 रुपये को जब्त किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### गढ़सिवनी में एक व्यक्ति से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम गढ़सिवनी के बाजार चौक के पास एक व्यक्ति के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर दी। प्रार्थी महेश्वर ने बताया कि वह 10 अप्रैल की रात्रि 8 बजे बाजार चौक में बैठा था। उसी समय ऋषि कुमार साहू, रोमनाथ साहू, टिकेश साहू आये और पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का एवं लाठी डंडा से मारपीट करने लगे।

# मां हिंगलाज के दरबार में आज लगेगा मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर भटगांव से महज तीन किलो मीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत देवसागर में इस वर्ष भी 12 अप्रैल को ग्राम देवसागर में मां भगवती हिंगलाज माता के मंदिर में मेले का भव्य आयोजन किया जा रहा है। मेले में सुबह 5 से रात्रि 8.30 बजे तक लोगों की भीड़ बनी रहती है। मेले में लगभग दो लाख से अधिक लोग पूजा अर्चना कर मन्नते मांगते हैं। बाहर से आये श्रध्दालु नारियल, नींबू चढ़ाकर अपनी मनोकामना के लिए वरदान मांगते हैं। प्रसाद के रूप में पुजारी द्वारा माता में चढ़ी हल्दी श्रध्दालुओं को दी जाती है। मान्यता है कि श्रध्दालु माता के दरबार में मन्नते मांगते हैं और उनकी मनोकामना पूरी होती है। बताया जाता है कि चैत्र पूर्णिमा को इस क्षेत्र के धरनीहीन जो जमीन पर लेट कर जमीन नापते हुए मां हिंगलाज की मंदिर जाते हैं और पूर्व रात्रि में मंदिर पहुंच कर लेटे रहते हैं। उन्हें सुबह पांच बजे जमींदार परिवार द्वारा पूजा अर्चना के बाद हल्दी पानी का छीटा देकर उठाया जाता है। इसके बाद जमीन नापने वाले धरनीहीन उठकर देवी की पूजा अर्चना कर मेले का आंनद लेते हैं। खास बात यह भी है कि जिस मां की गोद सुनी रहती है एवं अन्य परेशानियों में जो शरीरिक रूप से परेशान रहते हैं, ऐसे लोग मां का दरबार में ▶▶ शेष पेज 13 पर

## आशीर्वाद लेने दूर-दूर से पहुंचेंगे श्रध्दालु



### हनुमान जयंती के दिन लगता है मेला

यह प्राचीन काल से चैत्र पूर्णिमा हनुमान जयंती के दिन एक दिवसीय भव्य मेला लगता है। मान्यता यह है कि लोगों की हर मन्नत पूरी होती है। लाखों की संख्या में लोग दर्शन करने आते हैं। वहीं रात में एक भी व्यक्ति मंदिर के पास नहीं रूकता है, बताया जाता है कि माता उस रात पूरे मंदिर क्षेत्र में भ्रमण करती है।

## हनुमान जयंती पर सुंदरकांड पाठ आज



**गिधौरी।** चित्रोत्पला त्रिवेणी संगम महानदी किनारे ग्राम गिधौरी के वट विश्राम में 12 अप्रैल को हनुमान जयंती एवं जन्मोत्सव धुमधाम मनाया जायेगा। सुबह से भजन कीर्तन एवं सुंदरकांड पाठ तथा प्रसादी भंडारा का आयोजन किया गया है। सुंदरकांड पाठ नारायण महराज टुण्डरा की टीम द्वारा किया जायेगा।वट विश्राम में हनुमान जयंती भी इस वर्ष धुमधाम से मनायी जायेगी, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं तथा ग्रामीणों को भारी संख्या में आने की अपील की है। मंदिर पुजारी पं. मुकेश शर्मा पूजा-पाठ करेंगे।

## तिहार : घोटिया में मोबाइल नेटवर्क की समस्या बनी चुनौती

# सुशासन तिहार में पीएम आवास और लो वोल्टेज के सर्वाधिक आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

ब्लाक मुख्यालय से महज 4 किलोमीटर की दूरी पर मुख्य मार्ग में स्थित ग्राम घोटिया में मोबाइल नेटवर्क की समस्या लंबे समय से ग्रामीणों के लिए मुसीबत बनी है। वर्षों से मोबाइल टावर की मांग की जा रही है, लेकिन आज तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि डिजिटल युग में भी वे बुनियादी संचार सुविधा से वंचित हैं।

सुशासन तिहार के अवसर पर ग्रामीणों ने एक बार फिर अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन दिए। मुख्य रूप से मोबाइल टावर की मांग को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल समाधान की मांग की। बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई, आवश्यक फोन कॉल, सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं आवेदन में नेटवर्क की कमी भारी बाधा बनती जा रही है। मोबाइल नेटवर्क की समस्या के अलावा ग्रामीणों ने अन्य योजनाओं से जुड़ी समस्याओं पर भी अपनी बात रखी। शौचालय निर्माण, भूमिहीन परिवारों के लिए सहायता, महतारी वंदना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन और ड्राइविंग लाइसेंस जैसी सुविधाओं के लिए भी आवेदन प्रस्तुत किए। ग्रामीणों को उम्मीद है ▶▶ शेष पेज 13 पर



### सुशासन तिहार में मिले 98 हजार से अधिक आवेदन

**बलौदाबाजार।** सुशासन तिहार के प्रथम चरण अंतर्गत 8 अप्रैल से शुरू हुए आवेदन प्राप्त करने के दौरान 10 अप्रैल तक जिले में 98896 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 से 10 अप्रैल तक कुल प्राप्त 98896 आवेदनो में से 87093 ग्रामीण एवं 11803 शहरी क्षेत्र के आवेदन हैं जिसमें मांग आधारित 96302 एवं शिकायत से सम्बंधित 2594 आवेदन शामिल हैं। 8 अप्रैल से राज्य व्यापी सुशासन तिहार का आयोजन गांव एवं शहरो में किया जा रहा है। प्रथम चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक समाधान पेटी जे माध्यम से ऑफ लाईन एवं ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किये गए। 12 अप्रैल से प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा।

### सुशासन उत्सव पर जनप्रतिनिधियों ने बांटे समाधान पत्र



**हिरमी-रावन।** ग्राम पंचायत भालेसुर में शुक्रवार को सुशासन पर्व पर भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन आपके द्वार, आपके ग्राम अभियान के तहत हुआ, जिसमें प्रशासनिक सेवाओं को सीधे जनता तक पहुंचाने का उद्देश्य रहा। इस अवसर पर नवनिर्वाचित सरपंच नवीन कुमार वर्मा एवं नवनिर्वाचित जनपद सदस्य पुष्पा सुखनंदन चेलक की उपस्थिति रही। दोनों जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं और तत्परता से समाधान पत्र सौंपा। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से आए अधिकारियों ने लोगों की समस्याओं को दर्ज किया तथा कई आवेदनों का मौके पर ही समाधान किया। ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई और कई लाभार्थियों को योजनाओं के तहत प्रमाण पत्र एवं सहायता भी प्रदान की गई। सुशासन उत्सव के अंतर्गत यह पहल जनता के बीच सरकार की पहुंच को सशक्त बनाने के लिए एक अहम कदम माना जा रहा है। विशेषकर ग्रामीण इलाकों में जनसेवा की इस पारदर्शी प्रणाली को लोगों ने काफी सराहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग और युवा उपस्थित रहे और उन्होंने अपने क्षेत्र की समस्याएं नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखीं।सरपंच नवीन कुमार वर्मा ने कहा कि वे ग्राम के सर्वांगीण विकास के लिए ▶▶ शेष पेज 13 पर

# महावीर जयंती पर नगर में निकाली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

जैन समाज सिमगा द्वारा भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान सुबह 7 बजे आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से ढोल नगाड़ों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान भगवान महावीर स्वामी संदेश जियो ओर जिने दो के गगन भेदी जयघोष गूंज रहे थे। इसमें समाज के महिला पुरुष बच्चों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। शोभायात्रा वापस मंदिर में पहुंचने पर भगवान महावीर स्वामी का विधि विधान के साथ अभिषेक पूजन हुआ। श्री जीके प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य सुरेन्द्र विजय अजय जैन, हितेश जैन परिवार को एवं शांति धारा करने का सौभाग्य सुलभ जैन को प्राप्त हुआ। वहीं भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव में प्रमुख रूप में विरेन्द्र जैन, नरेन्द्र जैन, सुरेन्द्र जैन, मानकलाल जैन, निर्मल जैन, विजय जैन, संजय जैन, जिनेन्द्र जैन, राजेश जैन, कमल जैन, विरेन्द्र जैन, शातिंलाल जैन, मनीष जैन, सचीन जैन, अमित जैन, सुरेश जैन, सुलभ जैन, अभिषेक जैन, सोनू जैन, मौली जैन, वैभव जैन, योगेश जैन, विकास जैन, चिंटू जैन, आयुष जैन, पीयूष जैन, विक्की जैन, निक्की जैन, सौरभ जैन, नैतिक जैन, रितिक जैन, आरव जैन, शौर्य जैन, कल्प जैन, सानिध्य जैन, वेद जैन, सात्विक जैन, वहीं महिलाओं में विमला जैन, सुषमा जैन, निधी जैन, ज्योति जैन, अलका जैन, ऊषा जैन, अंजना जैन, अर्चना जैन, वर्षा जैन, रूचि जैन, नेहा जैन, दीपा जैन, पारूल जैन, पायल जैन, सविता जैन, सुनैना जैन, चंद्रकांता जैन, शकुन जैन, मंजू जैन, मोना जैन, नमिता जैन, प्रभा जैन, उपस्थित थे।

# लो वोल्टेज से नपं में बढ़ी पानी की समस्या




**पलारी।** नगर पंचायत में गर्मी जैसे-जैसे बढ़ते जा रही है, विद्युत की समस्या भी बढ़ रही रही। नगर पंचायत में पानी की सप्लाई टैंकरों द्वारा की जाती है, लेकिन लो वोल्टेज के कारण टैंकरों में पानी भरना मुश्किल हो गया है। टैंकर में पानी भरने के लिए एक ट्रांसफार्मर है, लेकिन रबि फसल के लिए लोग उसी ट्रांसफार्मर का उपयोग करते हैं जिसके कारण वोल्टेज बहुत कम हो रहा है। बोर ▶▶ शेष पेज 13 पर

# 107 पौवा शराब जब्त तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

जिले की सिमगा, भाटापारा शहरी और ग्रामीण पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए शराब की अवैध बिक्री करने वाले 3 कोचियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों से 11,700 कीमत की 107 पौवा देशी मसाला शराब जब्त की गई है।

ऑपरेशन विश्वास के तहत पुलिस पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों की धरपकड़ कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में 11 अप्रैल को थाना सिमगा, भाटापारा ग्रामीण एवं भाटापारा शहर की पुलिस टीमों ने घेराबंदी कर, अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 3 आरोपी शराब कोचियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में लिकेश धृतलहरे 21 वर्ष निवासी ग्राम चोरहा नवागांव थाना सिमगा, ग्राम तरेंगा थाना भाटापारा ग्रामीण निवासी 28 वर्षीय हरिचंद देवांगन और महासती वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर निवासी 50 वर्षीय पुरुषोत्तम बांधे ▶▶ शेष पेज 13 पर




## अब बगैर अनुमति खुदाई करने पर होगी सख्त कार्रवाई

# नलकूप खनन पर 30 जून तक प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दीपक सोनी ने छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 क्रमांक–3, 1987 की धारा 03 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 11 अप्रैल से 30 जून तक बलौदाबाजार–भाटापारा जिले को जलभराव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। उक्त अधिनियम की धारा 6 के अंतर्गत जिले में उक्त दर्शित अवधि में सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना कोई नया नलकूप पेयजल अथवा पेयजल के अलावा किसी अन्य प्रयोजन के लिए खनन नहीं करेगा। शासकीय, अर्धशासकीय, गरीय निकायों को पेयजल हेतु अपने क्षेत्रधिकार सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी, परन्तु वे भी निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करेंगे। कोई भी व्यक्ति द्वारा अनुज्ञा के बिना अधिनियम का उल्लंघन करते हुए नलकूप खनन करते पाए जाने पर पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1987 के धारा 3 या 4 के उपबंधों का उल्लंघन पर कारावास या जुर्माना या दोनों से दण्डनीय होगा।

### कलेक्टर ने जारी किए आदेश




#### अधिकारियों नियुक्त की गई

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दीपक सोनी ने जन सुविधा को ध्यान में रखते हुए उक्त अधिनियम की धारा 6 के अंतर्गत नलकूप खनन हेतु अनुमति प्रदान करने के लिए अधिकारियों को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया है, जो संबंधित क्षेत्र में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय निकाय, तहसीलदार, नायब तहसीलदार से रिपोर्ट प्राप्त कर नियमानुसार अनुमति प्रदान करेंगे।

### नलकूप खनन आवश्यक होने पर अनुमति दी जाएगी

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्व अनुविभाग बलौदाबाजार क्षेत्र के तहत आने वाले क्षेत्र हेतु प्राधिकृत अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार, अनुविभाग पलारी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले क्षेत्र हेतु अनुविभागीय (रा.) पलारी, अनुविभाग भाटापारा के तहत आने वाले क्षेत्र हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा, अनुविभाग सिमगा अंतर्गत आने वाले क्षेत्र हेतु अनुविभागीय अधिकारी(रा.) सिमगा, अनुविभाग कसडोल के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र हेतु अनुविभागीय अधिकारी, (रा.) कसडोल एवं अनुविभाग गिरौद के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र हेतु अनुविभागीय अधिकारी, (रा.) गिरौद को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। समस्त प्राधिकृत अधिकारी अपने–अपने क्षेत्र में छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियमों में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार नलकूप खनन आवश्यक होने पर अनुमति प्रदान करने की कार्यवाही करेंगे। बोरवेल खनन अथवा बोरवेल मरम्मत का कार्य पंजीकृत बोरवेल एजेंसी द्वारा ही किया जायेगा। किसी भी व्यक्ति या एजेंसी द्वारा उक्त अधिनियम के उल्लंघन में नलकूप खनन करते पाए जाने पर उसके विरूद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

खबर संक्षेप



## बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति

**रायपुर।** एमिटी अंतर्राष्ट्रीय विद्यालय रायपुर में 'ग्रेजुएशन डे' का रंगारंग और भावनात्मक आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से किया। यह प्रस्तुति जीवंत और ऊर्जावान थी, जिसने उत्सव के माहौल में पहुंचा दिया। ग्रेड नर्सरी के नन्हे बच्चों ने रंगबिरंगे नृत्य प्रस्तुत किए। नृत्य, गीत और अभिनय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हर प्रस्तुति में बच्चों का आत्मविश्वास और मेहनत साफ झलक रही थी। समारोह का सबसे विशेष क्षण तब आया, जब ग्रेड यूकेजी के बच्चों को 'स्नातक प्रमाणपत्र' प्रदान किए गए। विद्यालय की प्रधानाचार्या अर्पिता मजूमदार ने अपने स्वागत भाषण में विद्यार्थियों के विकास की सराहना की। कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अशोक के चौहान, डॉ. अमिता चौहान सहित छात्र-छात्राएं शामिल थे।

## रजककार विकास बोर्ड के चेयरमैन का किया स्वागत



**रायपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा नियुक्त रजककार विकास बोर्ड के चेयरमैन प्रहलाद रजक का लखनऊ उत्तरप्रदेश से प्रवास से लौटते वक्त एयरपोर्ट पर प्रदेशभर के हजारों धोबी समाजजनों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें फूलमालाओं से लाद दिया। साथ ही उत्साहित समर्थकों ने जमकर पटाखे फोड़कर खुशियां मनाई। एयरपोर्ट से काफिला प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचा, जहां प्रदेश प्रभारी अजय जामवाल, संगठन मंत्री पवन साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सवन्नी, पूर्व विधायक सियाराम साहू सहित अन्य पदाधिकारियों से भेंट कर प्रहलाद रजक की नियुक्ति पर आभार जताया।

## हनुमान जन्मोत्सव एवं महाआरती कल, महाभंडारा 13 को

**रायपुर।** पचपेड़ी नाका स्थित दक्षिणमुखी सिद्ध श्री हनुमानगढ़ी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर महाआरती एवं महाभंडारा का आयोजन किया गया है।



मंदिर के संस्थापक पं. राजेंद्र पाण्डेय ने बताया कि इस वर्ष भी शनिवार को दक्षिणमुखी सिद्ध श्री हनुमानगढ़ी जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रातः 5.30 बजे जन्म महोत्सव मनाया जाएगा और रात्रि 8 बजे महाआरती होगी। दूसरे दिन 13 अप्रैल को महाभंडारा का आयोजन किया जाएगा।

# परीक्षा में बेहतर अंक दिलाने का झांसा देने वाला गिरोह सक्रिय, मुख्यालय ने जारी किया अलर्ट

## बोर्ड परीक्षा समाप्त होने के बाद पास कराने का झांसा देने वाला गिरोह सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

अलग खबर

माध्यमिक के साथ ही केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा आयोजित होने के बाद अंक बढ़ाने के साथ ही बेहतर परीक्षा परिणाम दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह सक्रिय हो गए हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए परीक्षार्थी तथा पालकों को जालसाजों से सतर्क करने अलर्ट जारी किया गया है।

पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक परीक्षा होने के साथ ही अलग-अलग प्रतियोगी परीक्षा होने वाली है। इसका फायदा उठाने साइबर ठग परीक्षार्थी तथा उनके पालकों को शिक्षा विभाग से जुड़े होने का दावा करते हुए परीक्षा में पास कराने बेहतर अंक दिलाने कम्प्यूटर डेटा चेंज करने का झांसा देकर ठगी का शिकार बना सकते हैं। इसके लिए जालसाज फीस या चार्ज के नाम पर बैंक एकाउंट या यूपीआई डिटेल्स प्राप्त कर ठगी का शिकार बना सकते हैं। ऐसे तत्वों पर निगरानी रखने राज्य की साइबर पुलिस टीम द्वारा निगरानी करने की व्यवस्था की गई है।




### जालसाजों से बचने के उपाय बताए

*मुख्यालय द्वारा जारी अलर्ट में जालसाजों से बचाव के तरीके बताए गए हैं। मुख्यालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक पालकों, शिक्षकों और विशेषकर बच्चों को यह जानकारी होना चाहिए कि किसी भी परीक्षा परिणाम में उत्तीर्ण कराने एवं नंबर बढ़ाने के संबंध में कोई भी कॉल या लिंक प्राप्त होता है, तो ऐसे कॉल्स का जवाब न दें और पुलिस को सूचित करें। साथ ही इस संबंध में यदि कोई लिंक प्राप्त होता है तो लिंक को न खोलें। अपनी बैंकिंग जानकारी ओटीपी, यूपीआई डिटेल्स आदि किसी के साथ साझा न करें। ऐसे सूचनाओं की पुष्टि स्कूल या परीक्षा केंद्र से करें। त्रुटिवश कॉल्स रिसिव कर लेने या लिंक खोलने पर ठगी का शिकार होने की स्थिति में इसकी शिकायत तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दर्ज कराते हुए निकटतम पुलिस थाने में इसकी सूचना देने के लिए कहा है।*

## ज्यादातर केंद्रों में 25 प्रतिशत से भी कम डाटा ही ऑनलाइन एंट्री

# गर्मी में बदला आंगनबाड़ी केंद्रों का समय, 4 घंटे ही खुल रहे, मोबाइल की सुविधा नहीं, इसलिए एप में एंट्री नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों की तरह आंगनबाड़ी केंद्रों के समय और घंटे दोनों में एक अप्रैल से बदलाव किया गया है। इसके तहत अब सभी आंगनबाड़ी सुबह 7 से 11 बजे तक खोले जा रहे हैं। इससे पूर्व सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक खोले जाते थे। इस तरह समय में बदलाव के साथ इसके संचालन के समय में 2 घंटे कम भी किए गए हैं। समय में किए गए बदलाव से आंगनबाड़ी पहुंचने वाले बच्चों और महिलाओं को भी काफी राहत मिल रही है, क्योंकि इन केंद्रों में गर्मी से राहत दिलाने के लिए कूलर तक की व्यवस्था नहीं है। इधर दूसरी ओर केंद्रों में पोषण ट्रैकर एप लागू किया गया है। मोबाइल एप्लिकेशन एप के माध्यम से ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को केंद्रों में दर्ज हितग्राहियों के साथ खुद का सारा डाटा अनिवार्य रूप से अपलोड करना है, लेकिन इस एप से कार्यकर्ताओं को एंट्री करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण ज्यादातर केंद्रों में 25 प्रतिशत से भी कम डाटा ही ऑनलाइन एंट्री की गई है।

हरिभूमि ने गुरुवार को शहर में आंगनबाड़ी केंद्रों की पड़ताल की। इस पड़ताल में पता चला कि गर्मी के कारण सभी केंद्रों के खुलने के समय में बदलाव किया गया है। इसके तहत सुबह 7 बजे से 11 बजे तक केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। इस बदलाव से हितग्राहियों को दोपहर की तेज गर्मी से राहत जरूर मिली है, लेकिन बच्चे अभी भी गर्मी से परेशान हो रहे हैं। गर्मी से बचाने के लिए केंद्रों में कूलर आदि की कोई व्यवस्था नहीं की गई है, जिसके कारण बच्चे भी आंगनबाड़ी केंद्रों में ज्यादा समय तक बैठ नहीं रहे हैं।







### बच्चों के आधार भी बने नहीं

केंद्रों में ऐसे कई केंद्र हैं, जहां आधे से ज्यादा बच्चों के आधार ही बन नहीं पाए हैं। इन केंद्रों में अब तक बिना आधार के ही बच्चों को योजना का लाभ दिया जा रहा है, जबकि नए एप नियम के तहत जिन बच्चों को केंद्रों में लाभ दिया जा रहा है, उन सभी के आधार भी अपलोड करना अनिवार्य है। ऐसे में जिनके आधार बन नहीं पाए हैं, उन बच्चों को आगामी महीनों में योजना का लाभ नहीं दिए जाने की भी संभावना बनी हुई है। हालांकि विभागीय अधिकारियों का कहना है कि आधार को ऑनलाइन करना अनिवार्य जरूर किया गया है, लेकिन किसी कारण से बन नहीं पाए हैं तो उसके बनते तक योजना का लाभ मिलता रहेगा, उसमें कटौती नहीं की जाएगी।

**केस:1** मठपुरैना स्थित आंगनबाड़ी केंद्र 10 के संचालिका कार्यकर्ता महेश्वरी देवांगन ने बताया कि मोबाइल एप के माध्यम से एंट्री करना शुरू किया है, लेकिन बहुत दिक्कत आ रही है। मोबाइल ज्यादा उपयोग किया नहीं अब करना पड़ रहा है। उनका मोबाइल बहुत सस्ता और पुराना है, जिसमें सर्वर की समस्या भी है। इसके कारण एंट्री करने में परेशानी हो रही है। 122 बच्चे हैं, जिनमें कईयों के आधार बने नहीं पाए हैं। उनके माता-पिता को जल्दी बनाने कहा गया है।

**केस:2** मठपुरैना भाठागांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र 9 की संचालिका कार्यकर्ता शोभा दुबे ने बताया कि उनके यहां 32 बच्चों के नाम दर्ज हैं, लेकिन 50 बच्चे ऐसे हैं, जो सुपोषण चौपाल के दिन उनके केंद्र में आते हैं। इनमें ज्यादातर बच्चों के आधार बने नहीं हैं। मोबाइल का बहुत कम उपयोग करती हूं, लेकिन अनिवार्य किया गया है, इसलिए इस्तेमाल करना पड़ रहा है। एंट्री करने में परेशानी हो रही है। ज्यादातर आंगनबाड़ी केंद्रों में ऐसी स्थिति ही है। यहीं कारण है कि जिले में एप से एंट्री के कार्य धीमी गति से चल रहे हैं।

### महंगा मोबाइल नहीं, इंटरनेट की स्पीड कम, इसलिए ऑनलाइन एंट्री में आ रही दिक्कत

*सरकार ने आंगनबाड़ी केंद्रों को डिजिटल करने पोषण ट्रैकर एप लागू किया है। यह मोबाइल एप्लिकेशन एप है, जिसे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने मोबाइल में डाउनलोड कर उसमें अपना और हितग्राहियों को योजना के तहत दिए जाने वाले पोषण आहार का हितग्राही के साथ लाइव फोटो अपलोड करना है। इस कार्य के लिए कार्यकर्ताओं को अच्छा महंगा मोबाइल के साथ फास्ट इंटरनेट की सुविधा भी होना, लेकिन ज्यादातर कार्यकर्ताओं के पास खुद के पुराने और सस्ते मोबाइल है, जिसमें थ्रीजी व फोरजी इंटरनेट की सुविधा है। इसके कारण मोबाइल में एप डाउनलोड तो रहा है, लेकिन फास्ट चल नहीं पा रहा है, जिसके कारण डाटा की एंट्री भी ऑनलाइन नहीं हो पा रहा है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि एक ओर जहां सर्वर की समस्या आ रही है, वहीं वे मोबाइल का इस्तेमाल भी बहुत कम करती हैं, ऐसे में सारी चीजों की एंट्री मोबाइल में करने में परेशानी आ रही है।*

मानव श्रृंखला बनाकर श्रमदान

## चंगोराभाठा के महादेवा तालाब में महापौर ने किया श्रमदान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- मित्र, स्वच्छता दीदी, स्वयंसेवी संगठनों ने स्वस्फूर्त होकर किया सहयोग

महापौर मीनल चौबे ने गुरुवार को चंगोराभाठा क्षेत्र स्थित महादेवा तालाब में श्रमदान किया। इस मौके पर मानव श्रृंखला बनाकर वार्ड वासियों, सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदी और विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने स्वच्छ सरोवर का संदेश दिया। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान की यह एक कड़ी रही। नगर निगम जोन 5 के डॉक्टर खूबचंद बघेल वार्ड में महादेवा तालाब को स्वच्छ रखने शहर की प्रथम नागरिक मीनल चौबे ने श्रमदान किया।

इस मौके पर वार्ड पार्षद दुर्गा-यादराम साहू, रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, लाखेनगर मंडल अध्यक्ष सचिन सिंघल, नगर निगम जोन 5 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल, जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा, स्वच्छता निरीक्षक दिलीप साहू सहित गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में एकजुट होकर तालाब से कचरा उठाकर श्रमदान में सहभागी बने।

## व्यापम भर्ती परीक्षा की कोचिंग देगा रविवि

**रायपुर।** यूजीसी नेट की कोचिंग देने के बाद अब पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा व्यापम द्वारा आयोजित की जाने वाली भर्ती परीक्षाओं के लिए भी कोचिंग देने की तैयारी है। व्यापम द्वारा सहायक विकास विस्तार अधिकारी के रिक्त पदों के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित की जाने वाली है। रविवि इसके लिए 23 अप्रैल से प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक निशुल्क कोचिंग देगा।

# गार्डन में लगे ओपन जिम के उपकरण दो साल से खराब, नियमित सफाई भी नहीं, फैली गंदगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी रायपुर के कई उद्यानों में लगे ओपन जिम के उपकरण खराब पड़े हुए हैं। इन उपकरणों का पिछले दो साल से ज्यादा समय से मेंटनेंस तक नहीं किया गया है, जिसके कारण सुबह और शाम को वॉक और एक्सरसाइज करने पहुंचने वाले लोग इन उपकरणों का उपयोग भी नहीं कर पा रहे हैं।

अमलीडीह तालाब गार्डन की भी कुछ ऐसा ही स्थिति है। यहां लगे जिम के ज्यादातर उपकरण पिछले करीब दो साल से खराब पड़े हुए हैं, जिसके कारण लोग भी एक्सरसाइज नहीं कर पा रहे हैं। यही नहीं, गार्डन की नियमित सफाई भी नहीं की जा रही है, जिसके कारण गार्डन में जगह-जगह गंदगी पसरी हुई है। इस गंदगी से वॉक, एक्सरसाइज एवं व्यायाम करने पहुंचने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।



### नेकी की दीवार में कचरे के समान कपड़ों का ढेर

गार्डन के बाहर नेकी की दीवार है। इस दीवार में लोग जरूरत मंद लोगों के लिए पुराने कपड़े रखकर जाते हैं। कई जरूरतमंद लोग इन कपड़ों को छांटकर अपने उपयोग के लिए लेकर भी जाते हैं, लेकिन छांटने के बाद लोग कपड़ों को दीवार के बाहर सड़क तक बिखेरकर चले जाते हैं, जिसके कारण नेकी की दीवार के सामने कचरे के ढेर के समान कपड़ों का ढेर लगा रहता है। कभी-कभी इन कपड़ों के ढेर से भी बदबू उठने लगती हैं, जिसके कारण गार्डन आने वाले लोगों को परेशानी होती है।

# एक साल में 1132 गाड़ियां, 36 मशीनें पकड़ाईं 3 करोड़ 85 लाख से अधिक का जुर्माना वसूला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

रायपुर जिले में खनिज विभाग ने पिछले एक वर्ष के दौरान रेत, मुरुम, गिट्टी एवं फर्शी पत्थर के अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण के प्रकरणों में 1132 गाड़ियों को पकड़ा है। इसके अलावा पोकलेन व चेन माउंटेन सहित 36 मशीनें भी जब्त की गई हैं। इस तरह सभी प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए विभाग ने 3 करोड़ 85 लाख रुपए से ज्यादा राशि अर्थदंड के रूप में गाड़ियों के मालिकों से वसूल किया है। विभाग के अधिकारी केके गोलघाटे ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में खनिज सामग्री के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण करने वालों के खिलाफ जमकर अभियान चलाया है। यह अभियान का ही परिणाम है कि जिले में इतनी बड़ी संख्या में गाड़ियों को पकड़कर जुर्माना राशि वसूल की है।

*जिले में खनिज विभाग ने रेत, मुरुम, गिट्टी, फर्शी पत्थर के अवैध उत्खनन-परिवहन व भंडारण मामल में की कार्रवाई*




### एक वर्ष में की गई कार्रवाई एक नजर में

| | प्रकरण | जुर्माना राशि |
|---|---|---|
| अवैध परिवहन | 1038 | 3 करोड़ 11 लाख 40 हजार |
| अवैध उत्खनन | 87 | 67 लाख 93 हजार |
| अवैध भंडारण | 7 | 6 लाख 11 हजार |

### रात में भी चलाया अभियान

*विभागीय अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश के अनुसार जिले में खनिज सामग्रियों का अवैध खनन-परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने के लिए दिन के अलावा रात में भी अभियान चलाया गया। इसके तहत विभाग की टीम को रात में भी निरीक्षण के लिए भेजा गया। इस निरीक्षण के दौरान रात में दो दर्जन से ज्यादा कार्रवाई भी की गई, जिसमें बिना रायल्टी के रेत, मुरुम से भरी दर्जनों गाड़ियों को रायल्टी पर्ची की चेकिंग के दौरान पकड़ा गया।*

### दूसरे जिले की गाड़ियां भी पकड़ी गईं

*चेकिंग के दौरान रायपुर में पकड़ी गई रेत से भरी गाड़ियों में दूसरे जिलों की गाड़ियां भी है। इनमें धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद, बेमेतरा, दुर्ग, राजनांदगांव आदि जिलों की हाईवा गाड़ियां शामिल हैं। इन गाड़ियों में रेत भरी हुई थी जिसे बिना रायल्टी पर्ची के दूसरे जिलों से रायपुर और रायपुर होकर दूसरे जिलों की ओर ले जाया जा रहा था।*

## निगम की उदासीनता, लोग हैरान

# तेलीबांधा तालाब मरीन ड्राइव के हाई मास्ट पोल से ध्वज गायब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- देश में सबसे ऊंचे हाई मास्ट पोल पर 70 फीट चौड़ा, 105 फीट लंबा ध्वज
- 9 साल पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमनसिंह के हाथों हुआ था ध्वजारोहण

तेलीबांधा तालाब के मरीन ड्राइव परिक्रमा पथ में स्थापित विशाल ध्वज हाई मास्ट पोल से गायब है। इसे देखकर जहां लोग चौंक रहे हैं, वहीं निगम प्रशासन आंख मूंदे हुए है, जबकि 9 साल पहले नगर निगम ने ही 98 लाख रुपए खर्च कर पूरे तामझाम के साथ 82 मीटर हाई मास्ट पोल पर इस ध्वज को तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमनसिंह के हाथों ध्वजारोहण कराया। इसकी देखरेख का हाल ये है कि सप्ताहभर से हाई मास्ट पोल बिना ध्वज के निगम प्रशासन को मुंह चिढ़ाते नजर आ रहा है। इधर जिला प्रशासन और निगम के आला अधिकारी सुशासन तिहार में व्यस्त हैं। राजधानी वासियों में राष्ट्रप्रेम और आत्मगौरव की अनुभूति कराने वाला देश का सबसे ऊंचा हाई मास्ट पोल पर स्थापित ध्वज नदारद है। दूर से केवल खाली पोल ही नजर आ रहा है, जबकि इससे पहले तेलीबांधा सहित आसपास के क्षेत्र से ध्वज को शान के साथ लहराते हुए देखकर लोग गौरवान्वित होते थे। जगमग रोशनी के बीच चमकते ध्वज को देखकर लोग वहां कुछ देर रुक कर सुंदर प्राकृतिक नजारा का आनंद उठाते थे। अब ऐसी स्थिति नहीं है, हाई मास्ट पोल वीरान पड़ा है। सूत्रों के मुताबिक मौसम परिवर्तन को देखते हुए ध्वज को उतार कर सुरक्षित रखा गया है। हैदराबाद की एजेंसी को निगम ने 1 साल के लिए इसके मेंटनेंस और निगरानी के लिए अनुबंधित किया है। एजेंसी के 2 कर्मचारी शिफ्ट वाइज हाई मास्ट पोल पर फहराने वाले ध्वज की देखरेख और प्रकाश की व्यवस्था देखते हैं।



### ध्वज से जुड़ी कुछ बातें

- 82 मीटर हाई मास्ट पोल पर स्थापित है ध्वज
- पोल का वजन 18 टन, 84.87 मीटर फाउंडेशन 24 नट बोल्टों के सहारे स्थापित
- 5 एचपी का मोटर झंडा चढ़ाने और उतारने के लिए
- ध्वज पर रोशनी बिखेरने 4 एलईडी लाइट
- देश के सबसे बड़े हाई मास्ट पोल पर ध्वज होने का गौरव, रांची दूसरे नंबर पर जहां
- 81 मीटर ऊंचे हाई मास्ट पोल पर ध्वज

# 70 वार्डों का होगा सर्वे, विकास की रूपरेखा तय करेगा टाउन प्लानर

## निगम ने विशेष योग्यता वाले टाउन प्लानर नियुक्त करने किया टेंडर जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों का सर्वे होगा, जिसमें नगर निगम से इम्पैनल्ड टाउन प्लानर वार्डवार सर्वे कर 6 माह के भीतर सभी 70 वार्डों की प्लानिंग दस्तावेज नगर निगम को देंगे। विशेष योग्यता वाले टाउन प्लानर नियुक्त करने नगर निगम ने ऑनलाइन टेंडर जारी कर दिया है। शहरभर के लिए 12 से 15 टाउन प्लानर 3 साल के अनुबंध पर रखे जाएंगे।

नगर निगम के दस जोन स्थित 70 वार्डों में अगले 10 साल की जरूरत के मुताबिक विकास कार्यों की रूपरेखा बनेगी। यह रूपरेखा टाउन प्लानर तय करेगा। इसी आधार पर वार्ड विकास के लिए शासन से स्वीकृति होगी और विकास कार्य होगा। यानी पार्षदों की अनुंशसा पर कंक्रीटीकरण, नाली निर्माण, सामुदायिक भवन, सड़क, चबूतरा निर्माण के लिए शासन से राशि नहीं



मिलेगी। सूत्रों के मुताबिक 1 वार्ड का सर्वे 1 सप्ताह में पूरा होगा और इसकी प्लानिंग पर 1 माह का समय लगेगा। योजना के मुताबिक निगम से इम्पैनल्ड टाउन प्लानर की रिपोर्ट संबंधित जोन कमिश्नरी में इंजीनियर्स और पार्षद के समक्ष प्रस्तुत होगी। सहमति के बाद इसे मुख्यालय भेजा जाएगा। निगम ने टाउन प्लानर तय करने आरएफपी जारी किया है। आरएफपी में नगर निगम के सभी 70 वार्ड के जीआईएस मैपिंग द्वारा डाटा कलेक्शन और आने वाले 5 वर्षों में क्या-क्या विकास कार्य कर सकते हैं, इसकी प्लानिंग होगी।

### 3 कैटेगरी में बांटा गया 70 वार्ड

*वार्ड एक्शन प्लान तैयार करने शहर के 70 वार्डों को तीन कैटेगरी में बांटा गया है। इन तीन कैटेगरी के लिए आर्किटेक्ट या अर्बन प्लानर अलग-अलग रेट कोड करेंगे। इसमें से सबसे कम रेट भरने वाले आर्किटेक्ट या अर्बन प्लानर जो निर्धारित मापदंड पूरा करते हों, उसे तीन साल के लिए इम्पैनल्ड किया जाएगा।*

**खबर संक्षेप**



### गजराज बांध बचाने ग्रीन आर्मी ने डिप्टी सीएम को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** ग्रीन आर्मी संस्था की 25 सदस्यीय टीम ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर रायपुर शहर के अंदर स्थित जलस्त्रोत गजराज बांध को बचाने की मांग की। मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने बताया कि ग्रीन आर्मी संस्था विगत 8 वर्षों से लगातार गजराज बांध को बचाने के लिए कार्य कर रही है। इसके लिए संस्था द्वारा स्वयं स्थानीय नागरिकों लेकर एक व्यक्ति एक घमेला योजना के तहत प्रत्येक रविवार को गहरीकरण का कार्य भी स्वयं से आरंभ किया गया तथा समय-समय पर तत्कालीन जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से भी इसके लिए निवेदन किया गया, लेकिन दुर्भाग्यवश अभी तक कोई भी योजना जमीन पर नहीं उतरी है, सबकुछ केवल कागजों पर ही है। उपमुख्यमंत्री ने संपूर्ण विषय पर तत्काल संज्ञान लेते हुए तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गजराज बांध, बोरियाखुर्द अपने संपूर्ण आकार में विकसित होगा और इसके लिए तत्काल कार्ययोजना तैयार की जाएगी। ग्रीन आर्मी संस्था प्रमुख अमिताभ दुबे, जिला अध्यक्ष गुरदीप टुटेजा के नेतृत्व में उपस्थित सभी सदस्यों को आश्वस्त किया।

### एक देश, एक चुनाव से होगी 4.5 लाख करोड़ की बचत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ भाजपा ने वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर सोशल साइट एक्स पर पोस्ट के जरिए लोकसभा चुनाव में खर्च का ब्योरा दिया है। छत्तीसगढ़ भाजपा ने एक राष्ट्र, एक चुनाव का संकल्प दोहराया है। सोशल मीडिया पर भाजपा ने 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में हुए खर्चा का ब्योरा भी दिया। साथ ही लिखा, 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' वह समाधान है, जो सरकारी संसाधनों के बेवजह होते खर्च पर लगाम लगाकर राष्ट्रहित में उनका प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करेगा। सोशल मीडिया के एक दूसरे पोस्ट में लिखा, भारत में 2024 के लोकसभा चुनाव में लगभग 1.35 लाख करोड़ रुपये खर्च हुए थे, जो 2019 के लोकसभा चुनाव में खर्च हुए 60,000 करोड़ रुपये से लगभग दोगुना है। एक ही समय पर सभी चुनाव होने से करीब 4.5 लाख करोड़ रुपये की बचत होगी, जो देश की जीडीपी के 1.5 प्रतिशत के बराबर है।

### बैंक मैनेजर बताकर छह लाख ठगे

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात के खिलाफ एक निजी बैंक का मैनेजर बनकर पैन, आधारकार्ड अपडेट करने के नाम पर पांच लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दौलतराम वर्मा ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। दौलत राम ने पुलिस को बताया कि अज्ञात व्यक्ति उसे कॉल कर एक्सिस बैंक का मैनेजर होना बताकर आधार तथा पैन कार्ड अपडेट करने का झांसा देकर एक लिंक शेयर किया। लिंक खोलने के बाद उसके अकाउंट से नकदी रकम आहरण कर जालसाज ने उसके साथ ठगी की है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलाईगढ़, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

**ईश्तहार / उद्घोषणा**

रा.प्र.क्रं. अ/2 वर्ष 2024-25
ग्राम सेमरिया तहसील बिलाईगढ़
जिला- सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि, ग्राम सेमरिया तहसील सरसींवा जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी के लिये व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त भूमि का व्यपवर्तन आवेदक अंतराम साहू पिता मनीराम साहू जाति तेली साकिन सेमरिया तहसील सरसींवा जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) के द्वारा भूमि व्यवसायिक प्रयोजन के किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 25.04.2025 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**अनुसूची -** खसरा नं. 157/8 रकबा 0.265 हे, में से 0.041 हे, पैसे

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 09.04.2025 को जारी किया गया है।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलाईगढ़**

# कई जिलों में विशेषज्ञों का अभाव, जहां बांडेड पोस्टिंग वहां स्वास्थ्य केंद्रों में सीएमओ की ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

एक ओर प्रदेश में चिकित्सा विशेषज्ञों की भारी कमी है, वहीं दूसरी ओर बांडेड ड्यूटी के नाम पर पीजी डाक्टरों से स्वास्थ्य केंद्रों में सीएमओ ड्यूटी कराई जा रही है। एमडी-एमएस की पढ़ाई पूरी कर चुके डाक्टरों का तर्क है कि कड़ी पढ़ाई के बाद उन्होंने जो विशेषज्ञता हासिल की है, उसका उपयोग ही नहीं किया जा रहा है। बांडेड पोस्टिंग जिला अस्पताल अथवा मेडिकल कालेज में किए जाने की मांग काफी समय से उठ रही है, जिस पर अब तक ध्यान नहीं दिया गया है।

प्रदेश में चिकित्सा विशेषज्ञों की भारी कमी है इसे दूर करने के लिए एमडी-एमएस की पढाई पूरी करने वाले डाक्टरों की बांडेड ड्यूटी के तहत वैकल्पिक व्यवस्था की जाती है। नए नियम के अनुसार पीजी डाक्टरों को पहला साल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में बिताना होता है, इसके बाद दूसरे साल में उन्हें जिला अस्पताल अथवा मेडिकल कालेज में पोस्टिंग दी जाती है। बांड सेवा के एक साल उनकी विशेषज्ञता का उपयोग नहीं हो पाता और उनसे केजुअल्टी ड्यूटी, पोस्टमार्टम, एमएलसी ड्यूटी कराई जाती है। यह काम एमबीबीएस डिग्रीधारी चिकित्सा अधिकारी कर सकते हैं। पीजी डाक्टरों की यह मांग काफी पुरानी है कि बांडेड पोस्टिंग डिस्ट्रिक अथवा चिकित्सा महाविद्यालय से संबंधित अस्पतालों में की जाए, जिससे वहां सर्जरी अथवा विषय संबंधित बीमारी के साथ आने वाले मरीजों को समुचित उपचार की सुविधा मिल सके। इससे उन क्षेत्रों में चिकित्सा विशेषज्ञों की कमी को काफी हद तक दूर किया जा सकता है, जहां स्वीकृत पदों की तुलना में आधे से कम डाक्टर कार्यरत हैं।

- ऐसे हेल्थ सेंटरों में कर दी नियुक्ति जहां विशेषज्ञता की उपयोगिता ही नहीं



### सीजीडीएफ की पुरानी डिमांड

छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन की पीजी डाक्टरों की बांडेड पोस्टिंग जिला अस्पताल अथवा मेडिकल कालेज में करने की मांग काफी पुरानी रही है। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि विषय विशेषज्ञों की उपयोगिता को लेकर वे कई बार उच्च अधिकारियों से मिल चुके हैं। उनके सुझाव पर अब तक ध्यान नहीं दिया गया है।

### पोस्टिंग ऐसी भी

- सरगुजा जिले के उदयपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलग-अलग समय में हड्डी रोग, एनीस्थिसिया, पैथोलॉजिस्ट की पोस्टिंग कर दी गई। वहां इस तरह की समस्याओं के उपचार की सुविधा ही नहीं थी इसलिए मरीज भी नहीं आते थे।
- सीएचसी सारंगढ़ में मेडिसिन के एमडी-एमएस डाक्टर की पोस्टिंग की गई। गंभीर तरह के मरीज नहीं इसलिए मेडिकल ऑफिसर के साथ इमरजेंसी और एमएलसी ड्युटी करते रहे। सालभर बाद मेडिकल कालेज में मिली पोस्टिंग।
- बालोद के हेल्थ सेंटर में एक पीजी डाक्टर की ड्युटी समाप्त होने के बाद दूसरे डाक्टर की सीएमओ ड्युटी लगाई गई। महिला चिकित्सक स्त्री एवं प्रसुति रोग से संबंधित पीजी थी।

## नया अहाता नहीं खुलने से बनी रहेगी समस्या

# अहाता बंद होने से पियक्कड़ों ने शराब दुकान के पास खाली जगह को बनाया मयखाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आबकारी विभाग ने राजस्व बढ़ाने के उद्देश्य से पियक्कड़ों के पीने की व्यवस्था करने शराब दुकान के पास खाली जगह में अहाता बनाने पिछले वर्ष से ठेका प्रथा शुरू किया है।

नए वित्तीय वर्ष में अहाता का नया ठेका अब तक नहीं हो पाया है। इसके चलते पियक्कड़ गला तर करने सार्वजनिक जगहों के साथ शराब दुकान के पास खाली जगह को ही मयखाना बनाकर शराब गटक रहे हैं। इससे शराब दुकान के आसपास गंदगी पसरने के साथ ही डिस्पोजल गिलास का ढेर लगने लगा है।

नए 61 अहाता का ऑनलाइन टेंडर जारी किया गया है। टेंडर 11 अप्रैल को खुलेगा, इसके बाद अहाता संचालन करने लाइसेंस प्रक्रिया तथा अन्य दस्तावेजी प्रक्रिया की जाएगी। सभी प्रक्रिया पूरी करने के बाद अहाता संचालित करने ठेकेदार जगह चयन करेगा। जगह चयन होने के बाद ठेकेदार अहाता निर्माण करने के साथ जरूरी मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था करेगा। इस तरह से अहाता शुरू होने में टेंडर जारी होने के बाद एक पखवाड़े से ज्यादा का समय लग सकता है।

### अहाता बंद होने से शराब दुकान के आसपास सजने लगा चखना, पानी गिलास का स्टाल



### नियमित हो रही एक दर्जन से ज्यादा कार्रवाई

सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को शराब पीने से रोकने पुलिस लगातार कार्रवाई भी कर रही है। सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने के लेकर पुलिस रोज एक दर्जन से ज्यादा 36 च की कार्रवाई कर रही है। आदतन तथा दिन में शराब पीने वाले अपने साथ पानी, चखना, गिलास लेकर शराब दुकान के पास ही शराब खरीद कर दुकान के पास खाली जगह में शीशी खोलकर शराब गटकते आसानी से देखे जा सकते हैं।

### टेंडर के बाद पता चलेगा कितने अहाता संचालित

आबकारी विभाग ने जिले में संचालित 61 शराब दुकानों के लिए टेंडर जारी किया है। उनमें से किन-किन शराब दुकानों के लिए अहाता संचालित करने ठेकेदारों की रुचि है, इसकी जानकारी टेंडर जारी होने के बाद मिलेगी। पिछले वर्ष 61 अहातों में से 32 अहातों का संचालन हो रहा था। शेष 29 अहाता चलाने ठेकेदारों ने कोई रुचि नहीं दिखाई। ज्यादा कीमत में अहाता का ठेका लेने की वजह से पिछले वर्ष कई ठेकेदारों ने अहाता संचालित करने से हाथ खींच लिए थे।

### पीने के विवाद पर मारपीट से लेकर हत्या तक की घटना

सूनसान तथा खाली जगहों में सुरक्षा का इंतजाम नहीं होता, इसके चलते इन जगहों पर शराब पीने वालों के बीच आपसी विवाद में मारपीट की घटना आम है। शराब पीने तथा पिलाने के विवाद में मारपीट से लेकर हत्या तक की घटनाएं होती हैं। आजाद चौक थाना क्षेत्र में रामकुंड के पास शराब पीने के बाद हिस्ट्रीशीटर बदमाश ने अपने साथी से शराब पीने और पैसों की मांग की। पैसा नहीं देने पर मंगलवार को शुभम साहू की उसके दोस्त गोपी साहू ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी।

### इन जगहों पर पियक्कड़ों का जमावड़ा

शास्त्री बाजार, पुराना बसस्टैंड, गंज, लभांडी स्थित शराब दुकान के पास पियक्कड़ों का जमावड़ा रहता है। इन जगहों की शराब दुकान के पास खाली तथा खुली जगह होने की वजह से सुबह 11 बजे से लेकर शराब दुकान बंद होते तक शराब पीते देखे जा सकते हैं। इसके साथ ही गली-मोहल्लों की खाली जगहों को शराबियें ने शराब पीने का अड्डा बना लिया है।

# 24 घंटे जल आपूर्ति के लिए मोतीबाग पानी टंकी एरिया में 3 नए मोटर पंप जल्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- 75 एचपी के पुराने मोटर पंप बदलकर 110 एचपी के 3 पंप लगाने की तैयारी
- कमांड एरिया में सुबह के समय 1 घंटे अतिरिक्त पानी

मोतीबाग चौक पर स्थापित प्रदेश की सबसे बड़ी पानी टंकी क्षेत्र के पुराने 3 पंप को बदलकर 110 एचपी क्षमता वाले नए मोटर पंप लगाये जाएंगे। अब तक यहां 75 एचपी के 3 मोटर पंप के जरिये संबंधित वार्डों में पेयजल आपूर्ति की जाती थी। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के 24 घंटे जल आपूर्ति योजना में पर्याप्त जल आपूर्ति के लिए पहले से स्थापित पुराने मोटर पंप को हटाकर 3 नए मोटर पंप लगाने की तैयारी है।

दरअसल, शहर में पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने पहली बार एबीडी एरिया के 15 चुनिंदा वार्डों में पीने का साफ पानी नलों से 24 घंटे उपलब्ध कराने नई पाइप लाइन बिछाई है। गंज पानी टंकी और मोतीबाग पानी टंकी कमांड एरिया के कनेक्ट वार्डों नई पाइप लाइन से जल आपूर्ति की टेस्टिंग पूरी करने के बाद इन दिनों गंज पानी टंकी से शाम के समय 1 घंटे अतिरिक्त पानी दिया जा रहा है। वहीं मोतीबाग पानी टंकी के कमांड एरिया में सुबह के समय 1 घंटे अतिरिक्त जल आपूर्ति की जा रही है। 130 करोड़ के इस प्रोजेक्ट में 176 किलोमीटर के दायरे में नई पाइप लाइन अनुबंधित एजेंसी ने बिछाई है। योजना के मुताबिक गंज पानी टंकी से शहर के 6 वार्डों को 24 घंटे साफ पानी मिलेगा। इनमें रमण मंदिर वार्ड इंदिरा गांधी वार्ड, हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड, तात्यापारा वार्ड, शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड और स्वामी आत्मानंद वार्ड शामिल है।

वहीं मोतीबाग पानी टंकी कमांड एरिया से मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड, **ब्राम्हणपारा वार्ड,** महंत लक्ष्मीनारायण वार्ड, स्वामी विवेकानंद -सदर बाजार वार्ड , महामाया मंदिर वार्ड, सिविल लाइन वार्ड, शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड, राजीव गांधी वार्ड में 24 घंटे पीने का साफ पानी पहुंचाने की तैयारी है।

# रामायण केवल ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की है कला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घोटिया पलारी

ससहा गांव में आयोजित रामायण समारोह का समापन समारोह श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के कार्यकारी अध्यक्ष धन्नू साहू शामिल हुए। उनके आगमन पर ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। समारोह में धन्नू साहू ने ग्रामीणों से कहा कि रामायण जैसे धार्मिक आयोजनों से सामाजिक एकता, संस्कृति और नैतिक मूल्यों की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि रामायण केवल एक ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन जीने की कला है, जिससे हमें सत्य, धर्म और सेवा की भावना मिलती है। धन्नू साहू ने गांव के युवाओं और बुजुर्गों द्वारा मिलकर किए गए आयोजन की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे आयोजन होते रहे, इसके लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि गांव की तरक्की और एकता के लिए सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम में आयोजन समिति ने सभी आगंतुकों और सहयोगियों का आभार प्रकट किया और भविष्य में और भी भव्य आयोजन करने का संकल्प लिया। ससहा का यह आयोजन पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।

- ससहा में रामायण समारोह का समापन

समापन समारोह में सरपंच मिथलेश मुकेश साहू, कलीराम साहू, चंद्रकुमार साहू, टीकाराम साहू, बिसौहा, मंगलचंद साहू, नीलकंठ साहू,मनहरण साहू, रामकुमार साहू, रामगरीब साहू, रोहित साहू बिसेराम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



### हनुमान जन्मोत्सव मनाने श्रद्धालुओं में उत्साह

**सुहेला।** हनुमान जन्मोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। मंदिरों में विशेष सजावट की जा रही है, वहीं जगह-जगह साफ-सफाई और रंग-रोगन का काम भी तेजी से चल रहा है। कई स्थानों पर भगवान हनुमान के ध्वज घरों और गलियों में फहराए जा रहे हैं, जिससे पूरे वातावरण में धार्मिक ऊर्जा महसूस की जा रही है।

मंदिरों में विशेष पूजा-पाठ और हवन-कीर्तन की तैयारी चल रही है। बताया जा रहा है कि इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए खीर, पूरी, चने और अन्य प्रसाद का भंडारा विभिन्न स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों द्वारा प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है, जिससे हर कोई इस पावन दिन का आनंद ले सके। हनुमान जन्मोत्सव पर भक्त सुबह से ही मंदिरों में दर्शन और पूजा के लिए उमड़ते हैं।

### आंगनबाड़ी में अन्नप्राशन दिवस मना ...



**लवन।** ग्राम पंचायत गादहीडीह के आंगनबाडी केन्द्र क्रमांक 1 एवं 2 में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत 6 माह पूर्ण हुए बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। कुपोषण दूरभागने के बारे में हितग्राहियों को जानकारी दी गई। इस दौरान गांव के सरपंच प्रतिनिधि ओम प्रकाश बांधे, उप सरपंच तोताराम चेलक गांव के कोटवार विपतदास मानिकपुरी रोजगार सहायक, सचिव लेखराम साहू एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहोदरा रात्रे, साधना चेलक, सहायिका नोनी बाई चेलक, सुनीता चेलक और मितानीन सूरजा देवी चेलक, सबीता बांधे और सेक्टर सुपरवाइजर मलका खान एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### जीवन प्रबंधन में आध्यात्मिक दृष्टिकोण की उपयोगिता महत्वपूर्ण

**रायपुर।** मानव जीवन के समग्र विकास और तनाव प्रबंधन में आध्यात्मिक दृष्टिकोण की उपयोगिता आज भी सहायक सिद्ध होती है। कठिन परिस्थितियों में व्यक्ति आध्यात्म का सहारा लेते हुए मानसिक शांति प्राप्त करता है। भारतीय लोक प्रशासन संस्थान की छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय शाखा द्वारा प्रशासनिक अकादमी, निमोरा में आयोजित श्रीमद् भगवद् गीता के माध्यम से जीवन प्रबंधन विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक राकेश चतुर्वेदी ने कहा, श्रीमद्भगवद्गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन प्रबंधन की एक वैज्ञानिक और व्यावहारिक ग्रंथ है, जिसमें हर परिस्थिति में संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा मिलती है। गीता में नेतृत्व, निर्णय क्षमता, आत्मचिंतन, कर्मयोग और समत्व जैसे प्रबंधन के मूल सिद्धांत समाहित हैं। प्रशासनिक सेवा जैसे उत्तरदायित्वपूर्ण क्षेत्र में कार्य करते समय व्यक्ति को कई बार मानसिक दबाव, नैतिक द्वंद्व और जटिल परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है।

## पेज 11 के शेष

### मां हिंगलाज के...

जमीन नापते आते हैं और मन्नत मांगते हैं। जिसकी मन्नत पूरी होती है। वे दूसरे साल चैत्र पूर्णिमा के दिन अपने बच्चों के साथ आते है व मां हिंगलाज का दर्शन कर आशीर्वाद लेते हैं। आपको बता दें कि नगर भटगांव से महज 3 किलोमीटर दक्षिण दिशा की ओर ऐतिहासिक मंदिर पठारों में घिरा हुआ है, जहां आदि शक्ति मां हिंगलाज जेवरादाई विराजमान है।

### सुशासन तिहार में...

कि इस बार उनकी पुरानी मांगों को गंभीरता से लिया जाएगा और जल्द ही मोबाइल टावर की स्थापना कर उन्हें संचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सुशासन तिहार में ग्रामीणों का उत्साह यह दर्शाता है कि वे अपने अधिकारों को लेकर सजग हैं और अब समाधान की उम्मीद कर रहे हैं। इस अवसर पर नोडल अधिकारी बलराम राठौर, प्रभारी अधिकारी भुवनेश्वर मंजारे, सहायक प्रभारी चंद्रिका मंजारे, सरपंच प्रतिनिधि गजेंद्र घृतलहरे, उपसरपंच अर्जुन वर्मा, पंच नरेंद्र सोनी, दशरथ घृतलहरे, रोहित मिरी, हेमंत यादव और रजत यादव उपस्थित रहे। ग्रामीणों की भागीदारी और समस्याओं को लेकर जागरूकता देखकर प्रशासन भी सक्रिय नजर आया।

### सुशासन उत्सव पर...

कृतसंकल्प हैं और जनता के विश्वास पर खरा उतरेंगे। वहीं जनपद सदस्य पुष्पा सुखनंदन चेलक ने भी ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वे हर संभव सहायता उपलब्ध कराने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगी। कार्यक्रम का समापन जनसमूह के उत्साह और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी के साथ हुआ।

### लो वोल्टेज से ...

चलाने में असुविधा हो रही है। टैंकरों में पानी नहीं मिलने से नगर में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा विद्युत विभाग को अवगत कराया गया, टैंकरों में भरने वाले बोर के लिए अलग से ट्रांसफार्मर लगाने और विद्युत सप्लाई को दुरुस्त करने संबंधित अधिकारियों को सूचना दी गई है। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने कहा कि 1 सप्ताह के अंदर नया ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा किसानों द्वारा उपयोग कर रहे कनेक्शन को काट कर विद्युत सप्लाई को दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### रामेश्वरी दुर्गा मंदिर में हुई चोरी का खुलासा आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** रामेश्वरी दुर्गा मंदिर में स्थित हनुमान प्रतिमा के मुकुट चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चांदी का मुकुट और स्कूटी जब्त किया गया है। पुलिस ने बताा कि घटना को लेकर प्रार्थी रणधीर सिंह खनूजा महासमुंद ने सिटी कोतवाली महासमुंद में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रामेश्वरी दुर्गा मंदिर से अज्ञात आरोपी ने हनुमान जी की मूर्ति में लगे चांदी के मुक्ट को चोरी कर लिया। विवेचना के दौरान पुलिस की टीम के द्वारा घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज को देखा गया तथा संदिग्ध लोगों की खोजपीन की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सीसीटीवी फुटेज से मिलता जुलता व्यक्ति बस स्टैंड महासमुंद में घूम रहा है। पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंच कर घेराबंदी कर एक व्यक्ति को पकड़ा गया। जिससे पूछताछ में अपना नाम राज यादव पिता स्व. मोहन यादव (उम्र 22 वर्ष) निवासी ग्राम इच्छापुर थाना कोमना, नुआपाडा, ओडिशा हाल निवास स्वीपर कॉलोनी महासमुंद का होना बताया।

### दंतैल की उपस्थिति लोगों से जंगल नहीं जाने की अपील

**महासमुंद।** सिरपुर क्षेत्र में दो दंतैल हाथियों के विचरण के चलते वन विभाग की ओर से अलर्ट जारी किया गया है। हाथियों की उपस्थिति को लेकर सोशल मीडिया पर जारी अलर्ट के अनुसार 2 दंतैल हाथियों ने रात्रि में कक्ष क्रमांक 136 से होते हुए ग्राम छताल के खेत से निकल कर वन विकास निगम के कक्ष क्रमांक 126, 127, 125,जंगल में प्रवेश किया है। बताया गया है कि हाथियों का वर्तमान लोकेशन कक्ष क्रमांक 127, 56, 55 के जंगल में है। जिनके कक्ष क्रमांक 54, 55, 46, 53, 60, 59, 58 में आगे बढ़ने की संभावना है। दंतैल हाथियों की उपस्थिति को लेकर ग्राम तालाझर, मुडरुमडीह, दलदली, नांदबारु, सुकुलबाय, केशलडीह, खिरशाली, बंदोरा, रायमुडा, झाखरमुडा, अचनकपुर, फुसेराडीह के आसपास के ग्रामीण को हाई अलर्ट किया गया है। साथ ही कहा गया है कि आज रात्रि में हाथियों के सिरपुर से फुसेराडीह रोड पार कर करने की संभावना है। वहीं ग्राम खड़सा, मोहकम, लहंगर, परसाडीह, कुकराडीह, गुडरुडीह, बांसकुडा, बिरबीरा, मालीडीह, पिरदा के ग्रामीण से भी अलर्ट रहने कहा गया है। लोगों से जंगल की ओर नहीं जाने और हाथी के दिखने पर नजदीकी वन कर्मचारी को सूचना देने की अपील की गई है।

### सरपंच संघ ब्लॉक महासमुंद के अध्यक्ष बने दिनेश्वर साहू

महासमुंद। सरपंच संघ ब्लॉक अध्यक्ष पद हेतु चुनाव 11 अप्रैल को सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक चला। चुनाव के तुरंत बाद वोट की गिनती शुरु हुई। 105 सरपंचों वाले महासमुंद ब्लॉक में 3 सरपंचों ने संघ के अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी की। तीनों के बीच हुए चुनाव में कछारडीह सरपंच दिनेश्वर साहू को 50 सरपंचों का वोट मिला और एकतरफा जीत हासिल हुई। दूसरी ओर रिखीराम साहू को 27 और गोपालपुर सरपंच भुनेश्वर ध्रुव को 25 वोट मिले। बता दें कि दिनेश्वर साहू कछारडीह के दूसरी बार सरपंच बने है और पहली बार से अधिक मतों से सरपंच बने है।

# 75 लाख के विकास कार्य का शिवरतन ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

मारा लक्ष्य और ध्येय भाटापारा को स्वच्छ समृद्ध बनाना व जनता को हर वह सुविधा उपलब्ध कराना है, इसके प्रति उन्होंने नगर पालिका में भाजपा को स्पष्ट बहुमत से चुना है और इस उद्देश्य को पूरा करने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारा प्रयास निरंतर जारी रहेगा। उक्त बातें शिवरतन शर्मा ने भाटापारा नगर के हथनीपारा वार्ड में 75 लाख की लागत से बनने वाले नाला निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा।

शिवरतन शर्मा ने कहा की अब तक भाटापारा नगर सहित हथनीपारा वार्ड में जितने भी विकास के कार्य हुए हैं वह सभी भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हुए हैं।

कार्यक्रम को भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुनील यदु ने भी संबोधित किया और सरकार और शिवरतन शर्मा द्वारा किये गए नगर हित के कार्यों की जानकारी दी।

इस अवसर पर महामंत्री भाजपा राकेश तिवारी, सभापति बाल गोविन्द पटेल, मनीष मिश्रा, सतीश तलरेजा, पार्षद प्रतिनिधि देवेंद्र साहू, दसरथ साहू, भाजपा नेता नंदकिशोर अग्रवाल, सजीवन साहू, वाय पी सोनी, रज्जु साहू, लालू मानिकपुरी सहित भाजपा कार्यकर्ता, वार्ड के गणमान्यजन उपस्थित थे।

### शिवरतन शर्मा ने प्रदेश सरकार के डेढ़ साल की गिनाई उपलब्धि



#### विकसा कार्यों के लिए 13 करोड़ से अधिक प्राप्त

शिवरतन शर्मा ने बताया कि जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनी है, तब से अब तक 13 करोड़ से अधिक की राशि भाटापारा नगर को विकास कार्यों के लिए प्राप्त हो चुकी है। इससे पहले भी भाजपा सरकार प्रदेश में थी तब भी करोड़ों के विकास कार्य नगर में किये गए हैं। भाटापारा में पानी टंकी का निर्माण हो, रोडो का निर्माण हो, गौरव पथ, हाई मास्क लाइट, तालाबों का सौन्दरयीकारण, सड़कों का डामरीकरण जैसे अनेक कार्य किये गए, जब से भाटापारा नगर पालिका में भाजपा के अश्वनी शर्मा अध्यक्ष बने हैं तब से नगर में विकास कार्यों का भूमिपूजन कर कार्य गुणवत्ता पूर्ण और शीघ्र करने प्रयास जारी है, जिससे नगर वासियो को मुलभुत सुविधाएं मिल सके।

राहत : पार्षदों ने कलेक्टर से गिनाई थी समस्या

# छुहिया टैंक एवं चिन्नास्वामी तालाब पहुंचा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

अप्रैल माह के प्रारंभ से ही पड़ रही गर्मी के चलते नगर के तालाबों के जल स्तर के कम होने तथा भू-जल स्तर में गिरावट आने से नगरवासियों की चिंता बढ़ गई थी। सूखे तालाबों को गंगरेल बांध के नहर से भरे जाने की मांग भी की जा रही थी। जल संकट को देखते हुए बुधवार को नगर पालिका के पार्षद रोहित साहू, पार्षद प्रतिनिधि सुभाष राव ने वरिष्ठ मीडिया कर्मियों के साथ जिलाधीश दीपक सोनी से मुलाकात कर वस्तु स्थिति से अवगत कराया। पूरे तथ्यों की जानकारी के पश्चात कलेक्टर ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तत्काल ही कार्यपालन अभियंता जल संसाधन को इन तालाबों को भरने के निर्देश दिये। इसके पश्चात गुरुवार की सुबह छुहिया टैंक, चिन्ना स्वामी तालाब के अलावा इंदिरा कॉलोनी मुरूम तालाब में पानी भरना प्रारंभ हो गया है। जिस पर नगरवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है।





#### निस्तार एवं पेयजल की समस्या से निपटने योजना तैयार–कलेक्टर

बलौदाबाजार में पेयजल की आपूर्ति यद्यपि 12 किलोमीटर दूर ग्राम सोनाडीह में शिवनाथ नदी पर निर्मित एनिकट से पाइपलाइन के माध्यम से की जाती है। इसके बावजूद शहर के 21 में से 4–5 वार्डों में पेयजल की समस्या ग्रीष्मकल में निर्मित होती है। अतः ग्रीष्मकल में पेयजल एवं निस्तार की समस्या से निपटने संबंधित विभागों को स्पष्ट दिशा निर्देश दिये गये हैं। चर्चा के दौरान जिलाधीश दीपक सोनी ने बताया कि अप्रैल से पड़ रही गर्मी को देखते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी बलौदाबाजार को पार्षदों के साथ बैठक कर आगामी दिनों वार्डों में होने वाली जल समस्या एवं उसके निराकरण की दिशा में कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये हैं, ताकि समस्या उत्पन्न होने के पूर्व ही उसे निराकृत किया जा सके। वहीं क्षेत्र के 506 तालाबों को भी बीबीसी कैनाल के माध्यम से भरने का लक्ष्य रखा गया है। अतः कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग को प्रतिदिन नहरों के पानी की मॉनिटरिंग करने एवं तालाबों जल की उपलब्धता से अवगत करने के निर्देश दिये हैं।

#### ग्रीष्मकाल में जीवनदायनी है छुहिया जलाशय

छुहिया जलाशय ग्रीष्मकल में जिला मुख्यालय वासियों व आस पास के ग्रामों के लिए जीवनदायी साबित होता आया है, क्योंकि छुहिया टैंक में पहले बलौदाबाजार शाखा नहर के माध्यम से पानी भरा जाता है। इसके बाद टैंक के माइनर नहर के माध्यम से नगर के धोबी तालाब, पिपरहा, सोलहा, देवरहा तालाब में तथा 14 नंबर माइनर नहर के माध्यम से चिन्नास्वामी, इंदिरा कॉलोनी तालाब एवं रामसागर तालाब में पानी भरा जाता है। इन तालाबों को भरे जाने के बाद मई के अंतिम सप्ताह तक नगर के अधिकांश वार्ड के लोगों को निस्तार की समस्या से छुटकारा मिलता है। वहीं भू–जल स्तर भी पर्याप्त बना रहता है।

# रेप और हत्या पर दी क्रांतिसेना ने श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

तिगड्डा चौक में जोहार पार्टी और छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना ने दुर्ग में नन्हीं बच्ची के साथ अमानवीय व्यवहार की घटना के विरोध में दीप जलाकर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उपस्थित योगेश साहू, अजय वर्मा, गजेन्द्र सोनू, लोकेश सतनामी, अजय देवांगन, लता, तेजेन्द्र, कौशल, आसकरण, अजय वर्मा, रघुवीर पुनेन्द्र, सतिश, विजय, रोहित, पोषण, पिताम्बर ने कहा कि महक बेटी को न्याय दो आरोपी को फांसी दो और अगर महक बेटी को न्याय नहीं मिलने पर छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी उग्र आंदोलन करने बाध्य होगी।

# कैरियर मार्गदर्शन में 56 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा



**बलौदाबाजार।** अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा युवाओं के लिए कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन सीएसआर सेंटर में संयंत्र प्रमुख नुगुरी केशव एवं मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कैरियर के विभिन्न क्षेत्रों के बारे में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इसमें शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए जानकारी प्रदान की, जिसमें निकटवर्ती गांव के 56 प्रतिभागियों ने भाग लिए। परामर्शदाता के रूप में कार्यक्रम में वीओसी कौशल परियोजना प्रमुख पंकज मानचंदा और वीओसी कौशल परियोजना केंद्रीय प्रमुख दीपा पाण्डेय ने छात्रों को अध्ययन के विभिन्न क्षेत्रों के चयन में सहायता देने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव एवं अधिकारी ज्योत्सना पति एवं रंजय पाण्डेय सीएसआर टीम से द्वारिका वर्मा, सुरेन्द्र यादव, जानकी यादव, हेमलता ध्रुव, ताराचंद वर्मा, रमा वर्मा, टोपेश्वर मानिकपुरी की उपस्थिति रही।

### संजय के अध्यक्ष बनने पर लोक कलाकार संघ ने जताया हर्ष

**पलारी।** भाजपा के महामंत्री संजय श्रीवास्तव को छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष बनाया गया है। लोक कलाकार विकास संघ छग प्रदेश महामंत्री यश पांडेय, जनपद सदस्य प्रतिनिधि जागेश्वर साहू, चित्ररेखा साहू, जनपद सदस्य शुभम साहू, अयोध्या पांडेय ने पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी।



# गोपालपुर में सुशासन तिहार में मिले 96 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर

जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के अन्तर्गत नवीन पंचायत गोपालपुर में शासन द्वारा सुशासन तिहार के तारतम्य में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, जिसमें पीएम आवास के 44 एवं अन्य आवेदन 52 कुल 96 आवेदन प्राप्त हुए। ग्रामीणों ने चर्चा करने पर बताया कि शासन की यह योजना अच्छी है। अब यह देखना होगा सरकार अपनी सोच के अनुरूप कितना कारगर साबित होती है। चर्चा करने पर ग्रामीणों ने कहा कि जिला स्तर के समस्या निवारण शिविर में अनेक बार आवेदन लगा चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। वही आवेदन को सुशासन तिहार में लगाए हैं। उक्त कार्य में श्रीमती साहू को प्रभारी अधिकारी और संतोष सिदार रोजगार सहायक को नियुक्त किया। यह कार्य 8 से 11 अप्रैल तक चला, जिसमें पंच प्रतिनिधि जीवन लाल साहू लगातार 4 दिनों तक बैठकर जनता के आवेदन लिखने में अहम भूमिका निभाए। मानमती पहारू साहू सरपंच ने 8 अप्रैल को आवेदन लेना प्रारंभ किया और बैठक व्यवस्था को जिम्मेदार पूर्वक नारायण साहू सरपंच प्रतिनिधि ने निभाया।



# गार्डन और बारात घर के बदलेंगे दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

नगर में बने एकमात्र गार्डन और गार्डन के बगल में बने बारात घर के दिन जल्दी ही बहुरने वाले हैं। गार्डन और बारात घर का निरीक्षण करने के बाद इनके जीर्णोद्धार और कायाकल्प को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देशित किया है।

इन स्थानों पर संरचनात्मक बदलाव के साथ आवश्यक उपकरणों को बदलने एवं उच्च गुणवत्ता वाले उपकरण लगाने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

गौरतलब है कि, छत्तीसगढ़ में भाटापारा सबसे बड़ी नगर पालिका परिषद के रूप में जानी जाती है। एक बड़ी आबादी वाले शहर में वर्षों से महज एक ही उद्यान है, जिसमें सुबह-शाम बच्चे और बुजुर्ग खेलने और सैर के लिए जाते हैं, लेकिन पूर्ववर्ती निकाय पदाधिकारियों की उदासीनता से उद्यान की स्थिति दिन-ब-दिन दयनीय होते जा रही है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने बच्चों समेत उद्यान पहुंचने वाले नगरवासियों की सुविधाओं को देखते हुए तत्काल आवश्यक मरम्मत कार्य कराने और अधोसंरचनात्मक रूप से बदलाव के लिए निर्देश दिए हैं।

इसके साथ ही नपा अध्यक्ष शर्मा ने बुधवार 9 अप्रैल को नगर पालिका परिषद भवन के सामने और उद्यान के बगल में लगभग डेढ़ दशक पुराने बारात घर का भी निरीक्षण किया। बरात घर की स्थिति को देखते हुए बारात घर का जीर्णोद्धार कराने के लिए निर्देश जारी किए, ताकि अब तक अनुपयोगी रहे बरात घर का उपयोग नगरवासी कर पाएं।



#### मरम्मत कार्य होगा

हम नगर में जनसुविधाओं को सुचारू, सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके लिए नगर में हर तरह के विकास कार्यों को लेकर काम कर रहे हैं। इस दौरान मैंने उद्यान और बारात घर की उपयोगिता को देखते हुए आवश्यक बदलाव और मरम्मत कार्य के लिए कहा है।

- **अश्वनी शर्मा**, अध्यक्ष, नपा भाटापारा

#### फव्वारा भी काम नहीं कर रहा

आलम यह है कि उद्यान में बच्चों के खेलने के लिए झूले, फिसल पट्टी और अन्य खेल सामग्री टूटी हुई है। वहीं फव्वारा भी काम नहीं कर रहा है। आराम के लिए लगी कुर्सियां भी टूटी हैं। शाम के बाद अंधेरा होने पर पर्याप्त लाइट की व्यवस्था न होने से जीव-जंतुओं द्वारा काटने या अन्य तरह के हादसे की आशंका बनी रहती है।

# राजस्व पखवाड़ा शिविर में आज 50 पंचायतें होंगी शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

■ शिविर में किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं का होगा समाधान

राजस्व प्रकरणों के निराकारण के लिए जिले में 7 अप्रैल से राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। 12 अप्रैल को 9 पंचायतों में राजस्व शिविर आयोजित होंगे, जिसमें 50 ग्राम पंचायतों के लोग शामिल होकर राजस्व संबंधित समस्या के निरकारण के लिए आवेदन दे सकते हैं। जानकारी के अनुसार तहसील बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत परसाभदेर शिविर में परसाभदेर, खैरघटा एवं चरोटी पंचायत के लोग शामिल होंगे। इसी तरह तहसील लवन अंतर्गत शिविर ग्राम पंचायत चिचिरदा में ग्राम पंचायत चिचिरदा, पैजनी, कसियारा, परसाडीह एवं जुडा, तहसील पलारी अंतर्गत शिविर स्थल ग्राम पंचायत अमेरा में केसला, अमेरा, छेरकापुर, बिनौरी, छड़िया, छेरकाडीह छ, बलौदी, बोइरडीह, खपरी ब, एवं टीपावन, तहसील भाटापारा अंतर्गत शिविर स्थल ग्राम पंचायत खोखली में गाड़ाडीह, बोडतरा, मजगांव, सेमरिया, आलेसूर, गोसिया एवं कोड़ापार, सिमगा अंतर्गत शिविर स्थल ग्राम पंचायत दरचूरा में मोटियारीडीह, अकलतरा, धीवनपुरी, मांढ़र अ, मानिकचौरी, खरगाडीह, दरचूरा एवं विश्रामपुर, तहसील सुहेला अंतर्गत शिविर स्थल ग्राम पंचायत नवापारा में मुड़पार, बिटकुली एवं नवापरा, कसडोल अंतर्गत शिविर स्थल ग्राम पंचायत कोसमसरा क, हटोद, सेमरिया, टेमरी एवं कोसमसरा, तहसील टुण्डरा अंतर्गत शिविर स्थल ग्राम पंचायत मटिया में मड़वा, कोटियाडीह, मोहतरा एवं मटिया, तहसील सोनाखान अंतर्गत शिविर स्थल ग्राम पंचायत डुमरपाली में चेचरापाली, रंगोस, रिकोकला, छतवन एवं डुमरपाली के लोग शामिल होंगे।

अनिश्चितकालीन हड़ताल के 26 वें दिन क्रमिक भूख हड़ताल

# नियमितीकरण के लिए सचिवों की भूख हड़ताल शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

प्रदेश के सचिवों की शासकीयकरण की मांग को लेकर लगभग 26 दिनों हड़ताल चल रही हैं और 11 अप्रैल से क्रमिक भुख हड़ताल पर 5 सचिव बैठे हैं। हड़ताल पर बैठे तिजु यादव, नारायण चेलक, शिवचरण वर्मा, भरत वर्मा आदि ने बताया कि मांग जब तक पूरी नहीं होगी, तब तक क्रमिक भूख हड़ताल सचिवों द्वारा जारी रहेगी। सचिवों द्वारा जारी हड़ताल को विगत एक माह होने जा रहा है, लेकिन शासन–प्रशासन शासकीयकरण की मांग को पूरा नहीं करना चाह रहा है, जिसके चलते सचिव भूख हड़ताल करने पर अमादा हो गये हैं। सत्ताधारी सरकार को इनकी कोई चिंता नहीं है, जबकि देश की पहली इकाई ग्राम पंचायत है और इस पहली इकाई का काम ग्राम पंचायत सचिव करता है। शासन की तमाम योजनाओं को गांव के अंतिमजन तक पहुंच कर लाभान्वित करते हैं पर इनकी मांगों को सुनने वाला कोई नहीं है। जबकि सत्ताधारी सरकार की घोषणा पत्र मोदी की गारंटी में शासकीयकरण वादा किया गया है, परन्तु 16 माह में सचिवों के शासकीयकरण के लिए कोई काम नहीं हुआ।



### पंचायत सचिव संघ आज करेंगे हनुमान चालीसा पाठ

**पलारी।** पंचायत सचिव की शासकीयकरण को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल के आज 26 वें दिन क्रमिक भूख हड़ताल शुरू की गई। इसमें समस्त सचिव ब्लॉक इकाई पलारी द्वारा लगातार विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम कर हड़ताल स्थल जनपद पंचायत पलारी प्रांगण में जारी है। इसके अन्तर्गत क्रमिक भूख हड़ताल में मनीराम यादव अध्यक्ष, चुड़ामणी साहू उपाध्यक्ष, हेमलाल साहू उप कोषाध्यक्ष, राजेश साहू पूर्व प्रांताध्यक्ष, गिरीजा पैगम्बर, पुष्पा बहादुर रहे। ब्लाक के पूर्व अध्यक्ष व जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र चन्द्राकर ने उपरोक्त भूख हड़ताल में बैठे साथियों का हार एवं गुलाल से स्वागत किया। क्रमिक हड़ताल की विस्तृत रूप रेखा के अनुसार 12 अप्रैल को जनपद स्तर पर हड़ताल सरकार को सद्बुद्धि हेतु हनुमान चालीसा का पाठ, 13 अप्रैल को जनपद स्तर पर क्रमिक भूख हड़ताल, 14 अप्रैल को जनपद स्तर पर हड़ताल परिसर में डॉ. अंबेडकर जयंती मनाना, 15 अप्रैल से 19 अप्रेल तक जनपद स्तर पर क्रमिक भूख हड़ताल, 20 अप्रैल को प्रदेश के समस्त पंचायत सचिव जंतर मंतर मैदान दिल्ली हेतु रवाना, 21 अप्रैल को जंतर मंतर मैदान दिल्ली में अनिश्चित कालीन हड़ताल करेंगे।



